NSW GOVERNMENT

# What do I need to know if my child gets a formal caution?

**Parent/carer information**

# यदि मेरे बच्चे को औपचारिक चेतावनी मिलती है तो मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

## माता-पिता/देखभालकर्ता के लिए जानकारी

### चिंताजनक व्यवहार के लिए दी गई औपचारिक चेतावनी क्या होती है?

चिंताजनक व्यवहार वह होता है जिसे करने से खुद को या दूसरों को नुकसान या खतरा हो सकता है या हो चुका है। औपचारिक चेतावनी एक छात्र/छात्रा को बताती है कि उनके व्यवहार से उन्हें खुद को और अन्य लोगों को नुकसान या खतरा हो सकता है या शिक्षण और सीखने के लिए अस्वीकार्य जोखिम पैदा हो सकता है। यह आपको और आपकी संतान को यह बताने के लिए बनाया गया है कि उनके व्यवहार में सुधार की आवश्यकता है।

औपचारिक चेतावनी एक पत्र है जिसमें आपकी संतान के चिंताजनक व्यवहार को दर्ज किया गया है। आपकी संतान को इस समय निलंबित नहीं किया जाएगा।

### यदि मेरे संतान को औपचारिक चेतावनी मिले तो क्या होगा?

स्कूल चिंताजनक व्यवहार पर चर्चा करेगा और आपकी संतान को औपचारिक सावधानी के बारे में समझाएगा। प्रिंसिपल आपको औपचारिक सावधानी की एक लिखित प्रति भी प्रदान करेंगे।

औपचारिक सावधानी का उद्देश्य आपको और आपकी संतान को उनके व्यवहार के प्रभाव को समझने और सकारात्मक व्यवहार समर्थन कार्यनीतियों में शामिल होने के लिए एक सहायता योजना पर सहमत होने का समय देना है। स्कूल आपको और आपकी संतान को उनके साथ मिलकर उनके व्यवहार पर चर्चा करने और आपकी संतान को आवश्यक सहायता की योजना बनाने या उसकी समीक्षा करने का मौका देगा।

आप स्कूल के साथ होनी वाली किसी भी बैठक में किसी सहायक व्यक्ति को अपने साथ ला सकते/ ती हैं।

चिंताजनक व्यवहार के लिए औपचारिक चेतावनी 50 स्कूली दिनों के लिए लागू होती है। इस समय के दौरान, वही व्यवहार दोबारा होने पर या चिंताजनक अन्य व्यवहार/व्यवहारों के लिए आपकी संतान को निलंबित किया जा सकता है।

### अगर मेरे संतान को औपचारिक चेतावनी मिले तो मैं क्या करूँ?

लगभग हर संतान कभी न कभी कुछ ऐसे काम करेगा/गी जिसमें वे स्कूल के नियमों या विद्यार्थियों की व्यवहार संहिता का पालन नहीं करते हैं। कभी-कभी, जब ऐसा होता है, तो औपचारिक चेतावनी दी जाएगी। यदि आपकी संतान स्कूल में मुसीबत मोल ले रहा/रही है तो क्या करें, इसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध है।

यदि आपकी संतान को औपचारिक चेतावनी मिलती है, तो इसका मतलब है कि उसका व्यवहार ऐसा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूल के साथ आपका जुड़ाव आपकी संतान के व्यवहार को प्रबंधित करने और साथ मिलकर समाधान विकसित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। औपचारिक चेतावनी के बारे में स्कूल के प्रिंसिपल से बात करें और कुछ समाधान निकालने के लिए अपनी संतान की सहायता करने वाली टीम के साथ काम करें।

### क्या होगा अगर वही व्यवहार फिर से होता है?

यदि मूल औपचारिक चेतावनी के 50 स्कूली दिनों के भीतर फिर से चिंताजनक व्यवहार होता है, तो प्रिंसिपल आपकी संतान को निलंबित करने का निर्णय ले सकता/ती है। आपकी संतान को निलंबित करने का निर्णय तभी लिया जाएगा जब प्रिंसिपल आपकी संतान और अन्य बच्चों के व्यवहार और व्यक्तिगत जरूरतों को देखेगा/गी। किसी विद्यार्थी को निलंबित करने के बारे में जानकारी उपलब्ध है।

### अगर मुझे अभी भी कोई चिंता है तो मैं क्या करूँ?

अगर आपको स्कूल में अपनी संतान के सीखने, व्यवहार या भलाई के बारे में चिंता है, तो शुरुआत करने के लिए सबसे अच्छी जगह शिक्षक, सहायक प्रिंसिपल या डिप्टी प्रिंसिपल से बात करना है। आपकी संतान और स्थिति को जानने वाले लोगों से बात करके अधिकांश समस्याओं को हल किया जा सकता है।

कभी-कभी आपको किसी और से बात करनी पड़ सकती है। आपका स्कूल आपको आपके स्थानीय शिक्षा कार्यालय से संपर्क करने के लिए जानकारी दे सकता है जो मदद करने में सक्षम हो सकता है। यदि आपको लगता है कि आपकी चिंताओं के लिए चिकित्सीय कारण हो सकते हैं तो आप अपनी संतान के डॉक्टर से बात करने के बारे में भी सोचें।

अपनी संतान का पक्षसमर्थन करने के लिए और अधिक जानकारी उपलब्ध है, साथ ही स्कूल सामुदायिक चार्टर भी उपलब्ध है जो स्कूलों के साथ बातचीत करने के तरीके दर्शाता है।

### मुझे स्कूल से क्या जानकारी मिल सकती है?

क्या घटित हुआ और क्यों, इसके बारे में और अधिक जानकारी आप स्कूल से पूछ सकते/ती हैं। स्कूल को आपको किसी भी निर्णय के पीछे का तर्क, क्या कार्रवाई होगी और यदि आपको कोई समस्या है तो क्या करना चाहिए, यह समझाना चाहिए।

### टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आप स्कूल से संपर्क करना चाहते/ती हैं और अंग्रेजी में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें, उन्हें बतायें कि आपको कौन सी भाषा चाहिए और ऑपरेटर से स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर फ़ोन पर एक दुभाषिया उपलब्ध करवाएगा/गी। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।